प्रिलिम्स फैक्ट: 22 दिसंबर, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/prilims-fact-22-december-2020

चिल्ले/चिल्लाई- कलां

चिल्ले/चिल्लाई- कलां

Chillai Kalan

21 दिसंबर, 2020 को कश्मीर घाटी के ऊपरी क्षेत्रों में कठोर शीत ऋतु के पारंपरिक **40 दिन की अवधि के 'चिल्ले/चिल्लाई- कलां'** (Chillai kalan) की शुरुआत हो गई है।

यह 31 जनवरी, 2021 तक जारी रहेगा।

चिल्ले/चिल्लाई- कलां के विषय में:

- भारत मौसम विज्ञान विभाग (India Meteorological Department- IMD) के अनुसार, **21 दिसंबर से 30 जनवरी की अवधि** को कश्मीर की स्थानीय भाषा में चिल्ले/चिल्लाई- कलां कहा जाता है।
- इन 40 दिनों में बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक होती है और तापमान में अधिकतम गिरावट होती है, अर्थात् यह लगभग **शून्य डिग्री के नीचे या उसके आस- पास** आ जाता है।
- इन 40 दिनों के बाद शीत लहर जारी रहती है इसलिये चिल्ले/चिल्लाई- कलां के बाद 20 दिन **चिल्ले/चिल्लाई- खुर्द** (Chillai Khurd) तथा उसके बाद के 10 दिन **चिल्ले/चिल्लाई- बच्चा** (Chillai Baccha) के नाम से जाना जाता है।
- 21 दिसंबर का दिन उत्तरी गोलार्द्ध में **शीतकालीन संक्रांति** के रुप में मनाया जाता है।